प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

30.01.2026 / प्रादेशिक समाचार / 19:45बजे

" मुख्य समाचार"

- मनरेगा का नाम बदलने को लेकर कांग्रेस ने शिमला में किया विरोध– केंद्र सरकार पर योजना के मूल स्वरूप को कमज़ोर करने का लगाया आरोप।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कांग्रेस के अनशन को सियासी नौटंकी दिया करार– कहा– राज्य सरकार को जनता से कोई सरोकार नहीं।
- राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को पुण्य तिथि पर किया गया नमन– राज्यपाल ने कहा– गांधी जी के आदर्श समाज के लिए प्रेरणा स्रोत।
- राज्यसभा सांसद सिकंदर कुमार ने कहा– केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत आर्थिक सर्वेक्षण वैश्विक स्तर पर भारत की बढ़ती प्रतिष्ठा का प्रमाण।

कांग्रेस अनशन

प्रदेश कांग्रेस ने आज शिमला में मनरेगा का नाम बदलने और योजना को कमज़ोर किए जाने के विरोध में 2 घंटे का उपवास रखा। इस अवसर पर पत्रकारों से बातचीत में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि केंद्र सरकार ने न केवल मनरेगा का नाम बदला है, बल्कि योजना के मूल स्वरूप को भी कमज़ोर किया है। उन्होंने कहा कि पहले इस योजना से ग्रामीण क्षेत्रों में युवाओं और महिलाओं को रोज़गार के अवसर मिलते थे, लेकिन अब रोज़गार के अवसरों में कटौती की जा रही है।

*पार्टी की सरकार ने भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने मनरेगा को समाप्त कर दिया,उसका नामकरण तो बदला ही है लेकिन उसकी आत्मा पूरी तरह खत्म कर दी है। अब पंचायत प्रधानों के हाथ में वो शक्तियां नहीं रहेगी, पंचायत सेक्टरियों के पास वो शक्तियां नहीं रहेगी जो गांव में रहने वाले युवा साथी हैं जो मजदूर है, गरीब है महिलाएं मनरेगा में काम करके अपने परिवार का पेट पालती थीं अब उनके पेट पर भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने लात मारी। अब जो इनकी नई योजना है जिसकनाम जी राम जी दिया है उसमें इन्होंने 90रू10 की एक कंडीशन लगा दी है जिसमें 90 परसेंट दिहाड़ी वो देंगे और 10 परसेंट हमारे से देंगे। क्योंकि 100 परसेंट हमारी सरकार उसको देती थी। इस कंडीशंस को भी लगाकर भी हिमाचल सरकार के साथ कुठाराघात किया है।*

इस दौरान प्रदेश कांग्रेस प्रभारी रजनी पाटिल, उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, मंत्रिमंडल के सदस्य कर्नल धनीराम शांडिल, रोहित ठाकुर, अनिरूद्ध सिंह, विक्रमादित्य सिंह और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार सहित अन्य पार्टी नेता मौजूद रहे।

जयराम

दूसरी ओर नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने विकसित भारत जी राम जी योजना को लेकर कांग्रेस द्वारा किए गए अनशन को सियासी नौटंकी करार दिया है। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने ये अनशन केवल अपने आलाकमान को खुश करने के लिए किया और वास्तव में प्रदेश सरकार को जनता से कोई सरोकार नहीं है। जयराम ठाकुर ने कहा कि केंद्र सरकार की विकसित भारत जी राम जी योजना पारदर्शिता लाने और भ्रष्टाचार को कम करने की दिशा में एक मील का पत्थर है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार पिछले 6 महीनों में राज्य की 6 सौ 55 पंचायतों में मनरेगा का एक भी दिन का रोज़गार नहीं दे पाई है। जयराम ठाकुर ने कहा कि वी.बी.जी.राम जी योजना में एक सौ 25 दिन के रोज़गार की गारंटी है और इसमें वित्तीय अनुशासन के साथ उच्च गुणवत्ता वाले कार्यों का प्रावधान है।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश की लगभग 90 प्रतिशत आबादी ग्रामीण क्षेत्रों में रह रही है और इसी के दृष्टिगत राज्य सरकार की नीतियां व कार्यक्रम किसान हितैषी हैं। मुख्यमंत्री ने शिमला में आज हिमकॉन के अध्यक्ष विकेश चौहान की अध्यक्षता में उनसे मिलने आए रामपुर विधानसभा क्षेत्र के एक प्रतिनिधिमंडल से बातचीत के दौरान ये बात कही। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसानों के आर्थिक सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान कर रही है और सरकार ने ऐतिहासिक पहल

करते हुए दूध व प्राकृतिक खेती से उगाए गए कृषि उत्पादों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य निर्धारित किए हैं।

विधानसभा अध्यक्ष

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा है कि राज्य सरकार के वर्तमान कार्यकाल में चंबा ज़िले के भटियात विधानसभा क्षेत्र में विकास के नए आयाम स्थापित किए जा रहे हैं। उन्होंने आज क्षेत्र में मेल से परला मेल तक बनने वाली सड़क का भूमि पूजन किया। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि क्षेत्र में बीते 3 वर्षों के दौरान करीब 40 ग्रामीण सड़कों के निर्माण कार्य को पूरा किया जा चुका है और प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के चौथे चरण में 12 ग्रामीण सड़कों को केंद्र सरकार द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई है।

एआई शिखर सम्मेलन

केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि 16 से 20 फरवरी तक नई दिल्ली में आयोजित होने वाला इंडिया–ए.आई इम्पैक्ट शिखर सम्मेलन विश्व का अब तक का सबसे बड़ा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस शिखर सम्मेलन होगा। अश्विनी वैष्णव ने कहा कि आने वाले समय में हर क्षेत्र में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग होगा और विकसित भारत की यात्रा में भी ए.आई. की अहम भूमिका रहेगी। इस शिखर सम्मेलन में एक सौ से अधिक मुख्य कार्यकारी अधिकारी भाग लेंगे।

शहीद दिवस

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की आज 78वीं पुण्यतिथि है। इस मौके पर देशभर में कई कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। नई दिल्ली के राजघाट स्थित गांधी समाधि पर सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति सी.पी.राधाकृष्णन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महात्मा गांधी की समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित की। राष्ट्र हर वर्ष 30 जनवरी को महात्मा गांधी की जीवनी व विरासत को स्वतंत्रता संग्राम के मार्गदर्शक के रूप में याद करता है। इधर प्रदेश में भी कार्यक्रम आयोजित कर महात्मा गांधी की पुण्य तिथि पर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने लोकभवन शिमला में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्य तिथि पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की और उनकी शिक्षाओं व देश के लिए दिए गए अतुलनीय योगदान को याद किया। राज्यपाल ने कहा कि गांधी जी के आदर्श आज भी समाज को प्रेरणा देते हैं और एक शांतिपूर्ण, न्यायपूर्ण और सौहार्दपूर्ण समाज बनाने का मार्गदर्शन प्रदान करते हैं। वहीं शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, प्रदेश कांग्रेस प्रभारी रजनी पाटिल, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार, उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री सहित मंत्रिमंडल के सदस्यों ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

सिकंदर कुमार

राज्यसभा सांसद व प्रदेश भाजपा महामंत्री डॉक्टर सिकंदर कुमार ने कहा है कि केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत आर्थिक सर्वेक्षण 2025–26 देश की आर्थिक मज़बूती, संरचनात्मक बदलाव और वैश्विक स्तर पर भारत की बढ़ती प्रतिष्ठा का स्पष्ट प्रमाण है। उन्होंने कहा कि आज जब पूरी दुनिया भू–राजनीतिक तनाव, व्यापारिक विखंडन और वित्तीय अस्थिरता जैसी चुनौतियों से गुजर रहा है, ऐसे समय में भारत ने लगातार चौथे वर्ष दुनिया की सबसे तेज़ गति से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में अपनी स्थिति बनाए रखी है। डॉक्टर सिकंदर कुमार ने कहा कि ये आर्थिक सर्वेक्षण स्पष्ट करता है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश तेज़ी से विकसित भारत के लक्ष्य की ओर अग्रसर है।

'' मुख्य समाचार एक बार फिर''

- मनरेगा का नाम बदलने को लेकर कांग्रेस ने शिमला में किया विरोध– केंद्र सरकार पर योजना के मूल स्वरूप को कमज़ोर करने का लगाया आरोप।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कांग्रेस के अनशन को सियासी नौटंकी दिया करार– कहा– राज्य सरकार को जनता से कोई सरोकार नहीं।
- राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को पुण्य तिथि पर किया गया नमन– राज्यपाल ने कहा– गांधी जी के आदर्श समाज के लिए प्रेरणा स्रोत।
- राज्यसभा सांसद सिकंदर कुमार ने कहा– केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत आर्थिक सर्वेक्षण वैश्विक स्तर पर भारत की बढ़ती प्रतिष्ठा का प्रमाण।